

THE FREE INDOLOGICAL COLLECTION

WWW.SANSKRITDOCUMENTS.ORG/TFIC

# FAIR USE DECLARATION

This book is sourced from another online repository and provided to you at this site under the TFIC collection. It is provided under commonly held Fair Use guidelines for individual educational or research use. We believe that the book is in the public domain and public dissemination was the intent of the original repository. We applaud and support their work wholeheartedly and only provide this version of this book at this site to make it available to even more readers. We believe that cataloging plays a big part in finding valuable books and try to facilitate that, through our TFIC group efforts. In some cases, the original sources are no longer online or are very hard to access, or marked up in or provided in Indian languages, rather than the more widely used English language. TFIC tries to address these needs too. Our intent is to aid all these repositories and digitization projects and is in no way to undercut them. For more information about our mission and our fair use guidelines, please visit our website.

Note that we provide this book and others because, to the best of our knowledge, they are in the public domain, in our jurisdiction. However, before downloading and using it, you must verify that it is legal for you, in your jurisdiction, to access and use this copy of the book. Please do not download this book in error. We may not be held responsible for any copyright or other legal violations. Placing this notice in the front of every book, serves to both alert you, and to relieve us of any responsibility.

**If you are the intellectual property owner of this or any other book in our collection, please email us, if you have any objections to how we present or provide this book here, or to our providing this book at all. We shall work with you immediately.**

**-The TFIC Team.**

* ॐ *

सचित्र

# बड़ा जैन-ग्रन्थ-संग्रह।

मनोहर २१ चित्रों सहित ४२४ पृष्ठों में १६१ चुने हुए
दो भागों में आवश्यक सम्पूर्ण नित्यपाठों का

## अपूर्व संग्रह।


प्रथम भाग के संग्रहकर्त्ता—

खुरई ( सागर ) निवासी मास्टर छोटेलाल जैन।



प्रकाशक—

जैन-साहित्य-मन्दिर, सागर [ म० प्र० ]

ज्येष्ठ १९८३
वीर सं० २४५२ } प्रथमवार { पक्की जिल्द २)
सुनहरी जिल्द २।)

# हमारी छपाई पुस्तकों और चित्रों की सूची।

बड़ा जैन-ग्रन्थ-संग्रह—[ सचित्र ] अनेक पुस्तकों का संग्रह २)

उपदेश भजन माला—[ सचित्र ] उपदेशप्रद ड्रामा और भजन ≡)

जैन-जीवन-संगीत—[ सचित्र ] मुनि आहार विधि,
चुने हुए अनेक बारहमासों तथा कविताओं का संग्रह =)

मेरी भावना और मेरी द्रव्य पूजा—लाखों प्रतियां छप चुकीं ~)

द्रव्य-संग्रह हिन्दी पद्यानुवाद—[ भैया भगौतीदास कृत ] =)

रत्नकरण्ड श्रावकाचार-हिन्दी पद्यानुवाद—[ पं० गिरधर
शर्मा कृत ] बहुत ही सरल और सुन्दर कविता में ··· =)

जैनस्तव रत्नमाला—सचित्र [ पं० गिरधर शर्मा कृत ]
बारहभावना, सामायिकपाठ, आलोचनापाठ, महावीर,
शान्तिनाथ, पार्श्वनाथ आदि सुन्दर स्तोत्रों का संग्रह -)॥

भगवान पार्श्वनाथ—[ सचित्र ] उपन्यास के ढङ्ग पर बहुत
ही ललित रचना में भगवान का चरित्र लिखा गया है ≡)॥

ढला चला—सुधारकों और स्थितिपालकों का मनोरंजक संवाद -)॥

अतिशयक्षेत्र चांदखेड़ी का इतिहास और पूजन—[सचित्र] =)

प्राकृत षोड़शकारण जयमाला-भाषा टीका—सचित्र, भाषा
टीकामें १६भावनाओंका स्वरूप बड़ी अच्छी तरहसे बताया गया
है, व्रत, कथा उद्यापन की विधि और यंत्र-मंत्र सहित··· ॥)

## चित्र।

हमारे यहाँ हमेशा नये २ भावपूर्ण, पौराणिक तीर्थों मुनियों आदि के चित्र तैयार होते रहते हैं। और बढ़िया चिकने आर्ट पेपर पर उत्तम स्याही में छप ये जाते हैं। प्रत्येक मन्दिरों तथा घरों में लगाकर धर्म-शिक्षा और सजावट दोनों का लाभ उठाइये।

पता:—जैन-साहित्य-मन्दिर, सागर ( म० प्र० )

श्री बाहुबलस्वामी, (श्रवणबेलगोला)।

सर्वाधिकार रक्षित। जैन-साहित्य-मन्दिर, सागर (म० प्र०)

पिसनहारी की मढ़िया, जबलपुर।

5.0

श्रीवीतरागाय नमः

# बड़ा जैन-ग्रन्थ-संग्रह

## पहिला भाग ।

## रत्नकरण्ड-श्रावकाचार, हिन्दी-पद्यानुवाद ।

( पं० गिरधर शर्मा कृत )

### पहिला परिच्छेद ।

सकल कर्ममल जिनने धोये, हैं वे वर्द्धमान भगवान ।
लोकालोक भासते जिसमें, ऐसा दर्पण जिनका ज्ञान ॥
बड़े चावसे भक्तिभावसे; नमस्कार कर बारंबार ।
उनके श्रीचरणों में प्रणमूं, सुख पाऊँ हर विघ्न-विकार॥१॥
जो संसार दुःखसे सारे, जीवों को सु बचाता है ।
सर्वोत्तम सुखमें पुनि उनको, भलीभाँति पहुँचाता है ॥
उसी कर्मके काटनहारे, श्रेष्ठधर्मको कहता हूँ ।
श्रीसमन्तभद्रार्यवर्यका, भाव बताना चहता हूँ ॥२॥

#### धर्म किसे कहते हैं ।

गणधरादि धर्मेश्वर कहते, सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान-
सम्यक्चारित धर्मरम्य है, सुखदायक सब भाँति निदान॥
इनसे उलटे मिथ्या हैं सब, दर्शन ज्ञान और चारित्र ।
भव कारण हैं भय कारण हैं, दुख कारण हैं मेरे मित्र॥३॥

#### सम्यग्दर्शन का लक्षण ।

आठ अंगयुत, तीन मूढ़ता रहित, अमद जो हो श्रद्धान ।
सच्चे देव शास्त्र गुरु पर दृढ़, सम्यग्दर्शन उसको जान ॥
सच्चे देव शास्त्र गुरुका मैं, लक्षण यहाँ बताता हूं ।
तीन मूढ़ता आठ अंग-मद, सबका भेद बताता हूं ॥४॥

सच्चे देव का स्वरूप।

जो सर्वज्ञ शास्त्र का स्वामी, जिसमें नहीं दोष का लेश।
वही आप्त है वही आप्त है, वही आप्त है तीर्थ जिनेश॥
जिसके भीतर इन बातों का, समावेश नहिं हो सकता।
नहीं आप्त वह हो सकता है, सत्य देव नहिं हो सकता॥५॥
भूख प्यास बीमारि बुढ़ापा, जन्म मरण भय राग द्वेष।
गर्व मोह चिन्ता मद अचरज, निद्रा अरति खेद औ स्वेद॥
दोष अठारह ये माने हैं, हों ये जिनमें जरा नहीं।
आप्त वही है देव वही है, नाथ वही है और नहीं॥६॥
सर्वोत्तम पद पर जो स्थित हो, परम ज्योति हो, हो निर्मल।
वीतराग हो महाकृती हो, हो सर्वज्ञ सदा निश्चल॥
आदि रहित हो अन्त रहित हो, मध्य रहित हो महिमावान।
सब जीवों का होय हितैषी, हितोपदेशी वही सुजान॥७॥
बिना रागके बिना स्वार्थके, सत्यमार्ग वे बतलाते।
सुन सुन जिनको सत्पुरुषोंके, हृदय प्रफुल्लित हो जाते॥
उस्तादोंके कर स्पर्शसे जब मृदङ्ग ध्वनि करता है।
नहीं किसी से कुछ चहता है, रसिकों के मन हरता है॥८॥

शास्त्र का लक्षण।

जो जीवोंका हितकारी हो, जिसका हो न कभी खंडन
जो न प्रमाणों से विरुद्ध हो, करता होय कुपथ-खंडन॥
वस्तुरूपको भलीभांतिसे, बतलाता हो जो शुचितर।
कहा आप्तका शास्त्र वही है, शास्त्र वही है सुन्दरतर॥९॥

तपस्वी या गुरु का लक्षण।

विषय छोड़कर निरारंभ हो, नहीं परिग्रह रक्खें पास।
ज्ञान ध्यान तप में रत होकर, सब प्रकार की छोड़ें आस॥

भूल भाल उसको तज देना, या तज देना धार प्रमाद ॥
ऊँचे नीचे आगे पीछे, अगल बगल मित्रो बढ़ना।
दिग्व्रतके अतिचार कहाते, याद न मर्यादा रखना ॥६०॥

अनर्थदण्डविरति।

दिगमर्यादा जो की होवे, उसके भीतर भी बिन काम।
पाप योगसे विरक्त होना; है अनर्थदंडव्रत नाम ॥
हिंसादान प्रमादचर्या, पापादेश-कथन अपध्यान।
त्योंही दुःश्रुति पाँचों ही ये, इस व्रतके हैं भेद सुजान ॥६१॥

हिंसादान।

छुरी कटारी खंग खुनीता, अग्न्यायुध फलसा तलवार।
साँकल सींगी अस्त्र-शस्त्रका, देना, जिनसे होवें वार ॥
हिंसादान नामका मित्रो, कहलाता है अनरथदंड।
बुधजन इसको तज देते हैं, ज्यों नहिं होवें युद्ध प्रचंड ॥६२॥

प्रमादचर्या।

पृथ्वी पानी अग्नि वायुका, बिना काम आरंभ करना।
व्यर्थ छेदना वनस्पतीको, बे-मतलब चलना फिरना ॥
औरों को भी व्यर्थ घुमाना, है प्रमाद चर्या दुखकर।
कहा अनर्थदंड है इसको, शुभ चाहे तो इससे डर ॥६३॥

पापोपदेश या पापादेश।

जिससे धोखा देना आवे, मनुज करे त्यों हिंसारम्भ।
तिर्यंचोंको संकट देवे, वणिज करे फैलाकर दम्भ ॥
ऐसी ऐसी बातें करना, पापादेश कहाता है।
इस अनर्थदंडकको तजकर, उत्तम नर सुख पाता है ॥६४॥

अपध्यान।

रागद्वेष के वसमें होकर, करते रहना ऐसा ध्यान।
उसकी प्रिया मुझे मिल जावे, मिल जावें उसके धनधान ॥
वह मर जावे वह कट जावे, उसको होवे जेल महान।
वह लुट जावे संकट पावे, है अनर्थदंडक अपध्यान ॥६५॥

दुःश्रुति।

जिनके कारण से जागृत हों, राग द्वेष मद काम विकार।
आरंभ साहस और परिग्रह, त्यों छावें मिथ्यात्वविचार॥
मन मैला जिनसे हो जावे, प्यारो सुनना ऐसे ग्रन्थ।
दुःश्रुति नाम अनर्थ कहाता, कहते हैं ज्ञानी निर्ग्रंथ॥ ६६॥

अनर्थदण्डव्रतके अतिचार।

स्मराधीन हो हँसी दिल्लगी-करना भंडवचन कहना।
बकबक करना आंख लड़ाना, कायकुचेष्टा में बहना॥
सजधज के सामान बढ़ाना, विना विचारे त्यों प्रियवर-।
तनमनवचन लगाना कृतिमें, हैं अतिचार सभी व्रतहर॥६७॥

भोगोपभोगपरिमाण।

इन्द्रिय-विषयों को प्रतिदिन ही, कम कर राग घटा लेना।
है व्रत भोगोपभोगपरिमित, इसकी ओर ध्यान देना॥
पंचेन्द्रिय के जिन विषयों को भोग छोड़ दें वे हैं भोग।
जिन्हें भोगकर फिर भी भोगें मित्रो वे ही हैं उपभोग॥६८॥
त्रस जीवों की हिंसा नहिं हो-होने पावे नहीं प्रमाद।
इसके लिये सर्वथा त्यागो, मांस मद्य मधु छोड़ विषाद॥
अदरख निम्बपुष्प बहुबीजक, भक्खन मूल आदि सारी।
तजो सचित चीजें जिनमें हो, थोड़ा फल हिंसा भारी॥६९॥
जो अनिष्ट हैं सत्पुरुषों के- सेवन योग्य नहीं जो है।
उन विषयों को सोच समझकर, तज देना जो व्रत सो है॥
भोग और उपभोग त्याग के, बतलाये यम नियम उपाय।
अमुक समयतकत्याग 'नियम' है, जीवन भरका यम कहलाय७०

नियम करने की विधि।

भोजन वाहन शयन स्नान रुचि, इत्र पान कुंकुम-लेपन।
गीत वाद्य संगीत कामरति, माला भूषण और वसन॥

इन्हें रात दिन पक्ष मास या, वर्ष आदि तक देना त्याग।
कहलाता है 'नियम' और 'यम,' आजीवन इनका परित्याग७१

भोगोपभोगपरिमाणके अतिचार।

विषय विषों का आदर करना, भुक्त विषय को करना याद।
वर्तमान के विषयों में भी, रचे पचे रहना अविषाद॥
आगामी विषयों में रखना, तृष्णा या लालसा अपार।
बिन भोगे विषयों का अनुभव करना, ये भोगातिचार॥७२॥

## पांचवां परिच्छेद।

शिक्षाव्रत—देशावकाशिक।

पहला है देशावकाशि पुनि, सामायिक प्रोषध उपवास-।
वैयावृत्य और ये चारों, शिक्षाव्रत हैं सुख-आवास॥
दिग्व्रत का लम्बा चौड़ा स्थल, कालभेद से कम करना।
प्रतिदिन व्रत देशाविकाश सो, गृही जनों का सुखझरना॥७३॥
अमुक गेह तक अमुक गली तक, अमुक गांव तक जाऊंगा।
अमुक खेत से अमुक नदी से, आगे पग न बढ़ाऊंगा॥
एक वर्ष छहमास मास या, पखवाड़ा या दिन दो चार।
सीमाकाल भेदसे श्रावक, इस व्रत को लेते हैं धार॥ ७४॥
स्थूल सूक्ष्म पांचों पापों का, हो जाने से पूरा त्याग।
सीमा के बाहर सध जाते, इस व्रत से सु महाव्रत आप॥
हैं अतिचार पांच इस व्रत के, मँगवाना प्रेषण करना।
रूप दिखाय इशारा करना, चीज फैंकना, ध्वनि करना॥७५॥

सामायिक।

पूर्ण रीति से पञ्च पाप का, परित्याग करना सज्ञान।
मर्यादा के भीतर बाहर, अमुक समय धर समता ध्यान॥
है यह सामायिक शिक्षाव्रत, अणुव्रतों का उपकारक।
विधि से अनलस सावधान हो, बनो सदा इसके धारक॥७६॥

तन जीभ नाक आंख कान ये ही पंचइन्द्री, जाके जे ते होय ताहि तेसो सर्दहीजिये। संख द्वै पिपीलि तीन भौंर चार नर पंच, इन्हें आदि नाना भेद समुझि गहीजिये ॥ ११ ॥

पंच इन्द्री जीव जिते ताके भेद दोय कहे, एकनिके मन एक मनविना पाइये। और जगवासी जंतु तिनके न मन कहूँ, एकेंद्री बेइन्द्री तेंद्री चौइन्द्री बताइये ॥ एकेंद्रीके भेद दोय सूक्षम बादर होय, पर्यापत अपर्याप्त सबै जीव गाइये। ताके बहु विस्तार कहे हैं जु ग्रन्थनि में, थोरे में समुझि ज्ञान हिरदै अनाइये ॥ १२ ॥

चउदह मारगणा चउदह गुणस्थान,होंहिं ये अशुद्ध नय कहे जिनराजने। येही भाव जोलों तोलों संसारी कहावै जीव, इनको उलंघनकरि मिलै शिव साजने ॥ शुद्धनै विलोकियेतौ शुद्ध है सकलजीव, द्रव्यकी उपेक्षा सेा अनन्त छवि छाजने। सिद्धके समान ये विराजमान सबै हंस, चेतना सुभाव धर करें निज काजनै ॥ १३ ॥

अष्टकर्महीन अष्ट गुणयुत चरमसु, देह तातें कछु ऊनो सुख को निवास है। लोकको जु अग्र तहां स्थित है अनन्त सिद्ध, उत्पादव्यय संयुक्त सदा जाको बास है ॥ अनन्तकाल पर्यंत थिति है अडोल जाकी, लोकालोकप्रतिभासी ज्ञानको प्रकाश है। निश्चै सुखराज करै बहुरि न जन्म धरै, ऐसो सिद्ध राशनि को आतम विलास है ॥ १४ ॥

प्रकृति औ थितिबन्ध अनुभाग बंधपरदेशबन्ध एई चार बन्ध भेद कहिये। इन्हीं चहुँ बन्धतैं अबन्ध ह्वै के चिदानन्द, अग्निशिखा सम ऊर्द्धको सुभावी लहिये॥ और सब जगजीव तजैं निज देह जब, परभोको गौन करै तबै सर्ल गहिये। ऐसैं ही अनादिथिति नई कछू भई नाहिं, कही ग्रन्थमांहि जिन तैसी सरदहिये ॥ १ ॥

( इति जीवस्य नवाधिकाराः )

अजीवदरव पंच ताके नांव भिन्न सुनो, पुद्गल औ धर्मद्रव्यको सुभाव जानिये। अधर्म द्रव्य आकाश द्रव्य काल दर्व एई, पांचों द्रव्य जग में अचेतन बखानिये॥ तामें पुग्गल है मूरतीक रूप रस गन्ध, पर्शमई गुणपरजाय लिये जानिये। और पंच जीव जुत कहे हैं अमूरतीक, निज निज भाव धर भेदी हूँ पिछानिये॥ १५॥

शब्द बन्ध सूक्षम थूल औ आकार रूप, हूवो मिलिबो औ बिछुरिबो धूप छाय है। अंधारो उजारो औ उद्योत चन्द्रकांतिसम, आतप सु भानु जिम नाना भेद छाय है॥ पुद्गल अनन्त ताकी परजाय हू अनन्त, लेखो जो लगाइये तोऽनंतानन्त थाय है। एकही समैंमें आय सब प्रतिभास रही, देखी ज्ञानवंत ऐसी पुद्गल प्रजाय है॥ १६॥

जब जीव पुद्गल चलै उठि लोकमध्य, तबै धर्मास्तिकाय सहाय आय होत है। जैसें मच्छ पानी माहिं आपुहीतैं गौन करे, नीरकी सहाय लेती अलसता खोत है॥ पुनि यों नहीं जो पानी मीन को चलावे पंथ, आपुहीतैं चलै तो सहाय कोऊ नोत है। तैसें जीव पुद्गलको और न चलाय सके, सहजै ही चलै तो सहायका उदोत है॥ १७॥

जीव अरु पुद्गलको थितिसहकारी होय, ऐसो है अधर्मद्रव्य लोकताईं हद है। जैसे कोऊ पथिक सुपंथमध्य गौन करे, छाया के समीप आय बैठे नेकु तद है॥ पैं यों नहीं जु पंथी को राखतु बैठाय छाया, आपुने सहज बैंठे बाको आश्रैपद है। तैसें जीव पुद्गलं को अधर्मास्तिकाय सदा, होत है सहाय 'भैया' थितिसमैं जद है॥ १८॥

जीव आदि पंच पदार्थनिको सदाही यह, देत अवकाश तातैं आकाश नाम पायो है। ताके भेद दोय कहे एक है अलो-

काकाश, दूजो लोकाकाश जिन ग्रन्थनिमें गायो है ॥ जैसें
कहूं घर होय तामें सब बसें लोग, तातें पंचद्रव्यहूको सदन
बतायो है । याहीमें सर्व रहे पै निज निज सत्ता गहै, तातें
परें और सो अलोक ही कहायो है ॥ १९ ॥

जितने आकाशमाहिं रहैं ये दरबपंच, तितने अकाश
को जु लोकाकाश कहिये । धर्मद्रव्य अधर्मद्रव्य कालद्रव्य
पुद्गल,-द्रव्य जीव द्रव्य एई पांचों जहां लहिये ॥ इनतें अधिक
कछु और तो विराज रह्यो, नाम सो अलोकाकाश ऐसो सर-
दहिये । देख्यो ज्ञानवंतन अनन्तज्ञान चक्षु करि, गुनपरजाय
सो सुभाव शुद्ध गहिये ॥ २० ॥

जोई सर्वद्रव्यको प्रवर्त्तावन समरथ, सोई कालद्रव्य
बहुभेदभाव पाइई । निज निज परजाय विषैं परणवे यह, काल
को सहाय पाय करे निज काजई ॥ ताही कालद्रव्य* के
विराज रहे भेद दोय, एक व्यवहार परिणाम आदि छाजई ।
दूजो परमार्थकाल निश्चयवर्त्तना चाल, कायतें रहित लोका-
काशकों सुगाजई ॥ २१ ॥

लोकाकाश के जु एक एक परदेश विषैं, एक एक काल
अणु सुविराज रहे हैं । तातें काल अणु के असंख्यद्रव्य कहि-
यतु, रतन की राशि जैसें एक पुंज लहे हैं ॥ काहूसों न मिलें
कोई रतनजोत दृष्टि जोई, तैसें काल अणु होय भिन्नभाव गहे
हैं । आदि अन्त मिले नाहिं वर्त्तना सुभाव मांहिं, समे पल
महूर्त्त परजाय भेद कहे हैं ॥ २२ ॥

दोहा ।

जीव अजीवहि द्रव्य के, भेद सुषट्विध जान ।
तामें पंच सु काय धर, कालद्रव्य विन मान ॥ २३ ॥

*'यमराजके' ऐसा भी पाठ है ।

इहविधि अनेक गुण प्रगट करि, लहै सुशिवपुर पलकमें।
चिद्विलास जयवंत लखि, लेहु 'भविक' निज झलक में ॥ २ ॥

दोहा।

द्रव्यसंग्रह गुण उदधिसम, किहँविधि लहिये पार।
यथाशक्ति कछु वरणिये निजमति के अनुसार ॥३ ॥

चौपाई १५ मात्रा.

गाथा मूल नेमिचँद करी। महा अर्थनिधि पूरण भरी॥
बहुश्रुत धारी,जे गुणवंत। ते सब अर्थ लखहिं विरतंत ॥४॥
हमसे मूरख समझैं नाहिं। गाथा पढ़ै न अर्थ लखाहिं ॥
काहू अर्थ लखे बुधि ऐन। बांचत उपज्यो अति चितचैन॥५॥
जो यह ग्रंथ कवितमें होय। तौ जगमाहिं पढ़ै सब कोय॥
इहिविधि ग्रंथ रच्यो सुविकास। मानसिंह व भगोतीदास॥६॥
संवत सत्रहसे इकतीस। माघसुदी दशमी शुभदीस ॥
मंगल करण परमसुखधाम। द्रवसंग्रहप्रति करहुँ प्रणाम ॥७॥

इति श्रीद्रव्यसंग्रहमूलसहित कवित्तबंध समाप्तः।

---

पुण्य-पाप-फल। [ कवित्त ]

ग्रीषम में धूप परै तामें भूमि भारी जरै,
फूलत है आक पुनि अति ही उमहिकैं।
वर्षाऋतु मेघ झरै तामें वृक्ष केई फरै,
जरत जवासा अघ आपुहीतैं डहिकैं ॥
ऋतु को न दोष कोऊ पुण्य पाप फलै दोऊ,
जैसें जैसें किये पूर्व तैसें रहै सहिकैं।
केई जीव सुखी होहिं केई जीव दुखी होहिं,
देखहु तमासो 'भैया' न्यारे नेकु रहि कैं ॥

# द्रव्यसंग्रह-मूल।

[ श्रीमन्नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती कृत ]

जीवमजीवं दव्वं जिणवरवसहेण जेण णिद्दिट्ठं। देविंदविंद वंदं वंदे तं सव्वदा सिरसा ॥ १ ॥ जीवो उवओगमओ अमुत्ति कत्ता सदेहपरिमाणो। भोत्ता संसारत्थो सिद्धो सो विस्ससोड्ढ गई ॥ २ ॥ तिक्काले चदुपाणा इंदिय बलमाउ आणपाणो य। ववहारा सो जीवो णिच्चयणयदो दु चेदणा जस्स ॥ ३ ॥ उवओगो दुवियप्पो दंसणं णाणं च दंसणं चदुधा। चक्खू अचक्खू ओही दंसणमध केवलं णेयं ॥४॥ णाणं अट्ठ वियप्पं मदिसुदओही अणाणणाणाणि। मणपज्जय केवलमवि पच्चक्खपरोक्खभेयं च ॥ ५ ॥ अट्ठ-चदुणाणदंसण सामण्णं जीवलक्खणं भणियं। ववहारा सुद्धणया सुद्धं पुण दंसणं णाणं ॥ ६ ॥ वण्ण रस पञ्च गंधा दो फासा अट्ठ णिच्चया जीवे। णो सति अमुत्ति तदो ववहारा मुत्ति बंधादो ॥ ७ ॥ पुग्गलकम्मादीणं कत्ता ववहारदो दु णिच्चयदो। चेदणकम्माणादा सुद्धणया सुद्धभावाणं ॥ ८ ॥ ववहारा सुहदुक्खं पुग्गलकम्मप्फलं पभुंजेदि। आदाणिच्चयणयदो चेदणभावं खु आदस्स ॥ ९ ॥ अणुगुरुदेहपमाणो उवसंहारप्पसप्पदो चेदा। असमुहदो ववहारा णिच्चयणयदो असंखदेसो वा ॥ १० ॥ पुढविजलतेउवाऊवणप्फदी विविहथावरेइंदी। विगतिग चदुपंचक्खा तसजीवा होंति संखादी ॥ ११ ॥ समणा अमणा णेया पंचेन्दिय णिम्मणापरे सव्वे। बादरसुहमेइंदी सव्वे पज्जत्त इदरा य ॥ १२ ॥ मग्गणगुणठाणेहिं य चउदसहिं हवंति तह असुद्धणया। विण्णेया संसारी सव्वे सुद्धा हु सुद्धणया ॥ १३ ॥ णिक्कम्मा अट्ठगुणा

किंचूणा चरमदेहदो सिद्धा। लोयग्गठिदा णिच्चा उप्पादव-येहिं संजुत्ता ॥ १४ ॥ अज्जीवो पुण णेओ पुग्गल धम्मो अधम्म आयासं। कालो पुग्गल मुत्तो रूवादिगुणो अमुत्ति सेसा दु ॥ १५ ॥ सद्दो बंधो सुहमो थूलो संठाणभेदतमछाया। उज्जोदादवसहिया पुग्गलदव्वस्स पज्जाया ॥ १६ ॥ गइपरि-णयाण धम्मो पुग्गलजीवाण गमणसहयारी। तोयं जह मच्छाणं अच्छंताणेव सो णेई ॥ १७ ॥ ठाणजुदाण अधम्मो पुग्गल जीवाण ठाण सहयारी। छाया जय पहियाणं गच्छंता णेव सो धरई ॥ १८ ॥ अवगासदाणजोग्गं जीवादीणं वियाण आयासं। जेणं लोगागासं अल्लोगागासमिदि दुविहं ॥ १९ ॥ धम्माधम्मा कालो पुग्गलजीवा य संति जावदिये। आयासे सो लोगो तत्तो परदो अलोगुत्तो ॥ २० ॥ दव्वपरिवट्टरूवो जो सो कालो हवेइ ववहारो। परिणामादीलक्खो वट्टणलक्खो य परमट्ठो ॥ २१ ॥ लोयायासपदेसे इक्केक्के जे ठिया हु इक्केक्का। रयणाणं रासीमिव ते कालाणू असंख-दव्वाणि ॥ २२ ॥ एवं छब्भेयमिदं जीवाजीवप्पभेददोदव्वं। उत्तं कालविजुत्तं णायव्वा पंच अत्थिकाया दु ॥ २३ ॥ संति जदो तेणेदे अत्थीति भणंति जिणवरा जम्हा। काया इव बहुदेसा तम्हा काया य अत्थिकाया य ॥ २४ ॥ होंति असंखा जीवे धम्माधम्मे अणंत आयासे। मुत्ते तिविह पदेसा कालस्सेगो ण तेण सो काओ ॥ २५ ॥ एयपदेसो वि अणू णाणाखंधप्पदे-सदो होदि। बहुदेसो उवयारा तेण य काओ भणंति सव्वण्हु ॥ २६ ॥ जावदियं आयासं अविभागी पुग्गलाणुवट्ठद्धं। तं खु पदेसं जाणे सव्वाणुट्ठाणदाणरिहं॥ २७ ॥ आसवबन्धण-संवरणिज्जरमोक्खा सुपुण्णपावा जे। जीवाजीवविसेसा ते वि समासेण पभणामो ॥ २८ ॥ आसवदी जेण कम्मं परिणा-

कलकी बात रही कल ऊपर, भूल अभी की जावे ॥ मत०
पीनेवाला—भंग नहीं यह शिव की बूटी, अजर अमर है करती।
जन्म जन्म के पाप नशा कर सब रोगों को हरती॥चलो०
विरोधी—भंग नहीं यह विष की पत्ती, करे मनुष को ख्वार।
जीते जी अन्धा कर देती, फिर नर्कों दे डाल ॥ मत०
पीनेवाला—कुण्डो में खुद बसें कन्हैया, औ सोटे में श्याम।
विजया में भगवान बसे हैं, रगड़ रगड़ में राम ॥ चलो०
विरोधी—अरे भंग के पीनेवाले भङ्ग बुद्धि हरलेत।
होशयार औ चतुर मर्द को, खरा गधा कर देत ॥ मत०
पीनेवाला—झूठी बातें फिरे बनाता, ले पी थोड़ी भंग।
एक पहर के बाद देखना कैसा छावै रंग ॥ चलो०
विरोधी—लानत इस पर, लानत तुझ पर, चल चल होजा दूर।
भंग पिये भंगड़ कहलावे अरे पातकी क्रूर ॥ मत०
पीनेवाला—भंग के अद्भुत मजे को तूने कुछ जाना नहीं।
रंग को इसके जरा भी मूढ़ पहचाना नहीं ॥
आंख में सुरखी का डेरा मन में मौजों की लहर।
शांति आनँद बिन इसी के कोइ पा सकता नहीं ॥
(चलत) साधू संत भङ्ग सब पीते क्या कंगाल अमीर!
ईश्वर से लोलीन करावै ये इसकी तासीर ॥ चलो०
विरोधी—है नहीं यह भङ्ग कातिल अक्ल को तलवार है।
बेहोश करती है यही जानों महा मुरदार है ॥
खौफ जिनको नर्क का है वह इसे छूते नहीं।
बात सच मानो हमारी नर्क का यह द्वार है ॥
(चलत) यह सब झूठी बातें भाई भंग नरक में डाले।
आखें खोल जगत में देखो लाखों काम बिगाड़े ॥ मत०
पीनेवाला—सुनकर यह उपदेश तुम्हारा हमें हुआ आनंद।

लो मैं छोड़ी भंग आज से ईश्वर की सौगन्द ॥ मत०
विरोधी—भला किया ये काम आपने दई भंग जो छोड़।
सब से नियम कराओ अब तो कुंडी सोटा फोड़ ॥ मत०
पीनेवाला—कुंडी फोड़ूं सोटा तोड़ूं भङ्ग सड़क पर डारूं।
मत पीना अब भङ्ग भाइयो बारम्बार पुकारूं ॥ मत०

## हुक्का का ड्रामा।

हुक्केबाज—आहाहा क्या अच्छा हुक्का है।
है कोई हुक्के का पीने वाला ॥
(चलन) क्या हुक्का बनाये आला, भर भर पीलो तुम लाला।
जो पीवें इसे पिलावें वह लुत्फ ज़िन्दगी पावें ॥
विरोधी—बुरी आदत है यह भाई मत इसकी करो बड़ाई।
दूर दूर हो लानत लानत क्यों बनता सौदाई, ॥
यह तन को खूब जलावे, बलग़म को बहुत बढ़ावे,
जो मुंह से इसे लगावे, ना लज़्ज़त कुछ भी पावे ॥
हुक्के बाज—जिसको इक चिलम पिलाई बलगम की करी सफाई।
विरोधी—दूर दूर हो लानत लानत क्यों बनता सौदाई ॥
हुक्केबाज—क्या हुक्का बना यह आला, भरभर पीलो तुम लाला।
जो पीवें इसे पिलावें वह अकल मन्द कहलावें ॥
विरोधी—जो हुक्के का दम लावें, ले चिलम आग को जावें।
सौ सौ गाली फिर खावें यह मान बड़ाई पावें ॥
हुक्केबाज—यह कैसी बात बनाई कुछ कहते शरम न आई।
विरोधी—दूर दूर हो लानत लानत, क्यों बनता सौदाई ॥
हुक्केबाज—क्या खूब बना यह आला, गङ्गाजल इसमें डाला।
पीते हैं अदना आला, यह घट में करे उजाला ॥
विरोधी—क्या खाक बना यह आला, दिल जिगर करे सब काला।

अच्छा यह नशा निकाला, दोज़ख में गिराने वाला
हुक्केबाज—यह महफिल का सरदार, क्या जाने मूढ़ गंवार।
विरोधी—कब तक कि हुक्का नोशी मुहल्ला जगाओगे।
बंशी बजा के नाग को कबतक खिलाओगे॥
एक दिन यह मारे आस्तीं डसेगा बस तुम्हें।
पंजे से ऐसे देव के बचने न पाओगे॥
गर चाहते हो जिन्दगी तो इसको तरक करो।
खुद अपना बरना खिरमने हस्ती जलाओगे॥
(चलत)—जिन इससे प्रीति लगाई, आखिर में हुई दुखदाई।
मान कहा क्यों पागल बनता कहां गई चतुराई॥ मत०
हुक्केबाज—तेरी मान नसीहत छोड़ूं, ले अभी चिलम को तोड़ूं।
नहचे को तोड़ मरोड़ूं, हुक्के को जमी से फोड़ूं॥
ना पीऊं कभी यह हुक्का, लानत लानत यह हुक्का।
न पियेा कोई यह हुक्का, बेशक लानत यह हुक्का॥

## सिगरेट का ड्रामा।

पीनेवाला—यारो मुझे सिगरेट या बीड़ी दिलाना।
बीड़ी दिलाना, माचिस लगाना कैसा यह फैशन बना॥
विरोधी—शेम २—छोड़ो जरा सिगरेट का पीना पिलाना।
पीना पिलाना दिल को जलाना नाहक क्यों करते गुनाह॥
पीने-दूर२-है जेब खाली डिबिया भी खाली छूटता नहीं यह नशा।
विरोधी-शेम२मदिरा पड़ो इसमें लीद भरीहै लानतहै लानतहै नशा॥
पीने-दूर२ बातें हैं कैसी दीवानों यह जैसी गप शपलगातेहो क्या।
विरोधी-शेम२-होवेगी ख्वारी नरकों की तैयारी हटको तोत्यागो जरा
पीने-दूर२-पीवो पिलावो जरा मुहको लगावो कैसा यह शीरीं अहा
विरोधी-शेम२-शोएल पुकारे जिन दास प्यारे सोचो तो दिल मेंजरा

बैरी मेरे बहुत से, जो होवें इस जगत में।
उनसे क्षमा कराऊँ, तब प्राण तन से निकले ॥ ३ ॥
परिग्रह का जाल मुझपर, फैला बहुत है स्वामी।
उससे ममत्व टूटे, जब प्राण तन से निकले ॥ ४ ॥
दुष्कर्म दुख दिखावें, या रोग मुझ को घेरें।
प्रभु का ध्यान छूटे, जब प्राण तन से निकले ॥ ५ ॥
इच्छा क्षुधा तृषा की, होवे जो उस घड़ी में।
उनको भी त्याग कर दूँ, जब प्राण तन से निकले ॥ ६ ॥
ऐ नाथ अर्ज़ करती विनती पै ध्यान दीजे।
होवे सफल मनोरथ, जब प्राण तन से निकले।
होवे समाधि पूरी तब प्राण तन से निकले ॥ ८ ॥

---

## वेश्या कुटलाई।

मत करो प्रीति वेश्या विष बुझी कटारी। है यही सकल रोगनकी खान हत्यारी ॥ टेक ॥ औषधि अनेक हैं सर्प डसेकी भाई। पर इसके काटेकी नहिं कोई दवाई ॥ गर लगे बान तो जीवित हू रहि जाई। पर इसके नैनके बानसे होय सफाई ॥ है रोम रोम विष भरी करो न यारी। है यही सकल रोगनकी खान हत्यारी ॥१॥ यह तन मन धन हर लेय मधुर बोली में। बहुतों का करै शिकार उमर भोली में ॥ कर दिये हजारों लोटपोट होली में। लाखोंका दिलकर लिया कैद चोली में ॥ गई इसी कर्म में लाखों की ज़मीदारी। है यही सकल रोगन की खान हत्यारी ॥२॥ हो गये हजारोंके बल वीर्य्य छारा। लाखों का इसने वंश नाश कर डारा ॥ गठिया प्रमेह आतिश ने देश बिगारा। भारत गारत हो गया इसीका मारा ॥ कर दिये हजारों इसने चोर अरु जुवारी। है यही सकल दुर्गुणकी खान हत्यारी ॥ ३ ॥ इसही ठगनीने मद्य मांस सिखलाया। सब धर्म कर्मको इसने धूर मिलाया ॥ और दया

क्षमा लज्जा को मार भगाया। भक्तीका मूल नाश करवाया। हों इसके उपासक रौरव के अधिकारी। है यही० ॥ ४ ॥ वह नव युवकोंको नैन सैनसे खावे। और धनवानों को चट्ट गट्ट कर जावे ॥ धन हरण कर फिर पीछे राह बतावे। करे तीन पांच तो जूते भी लगवावे ॥ पिटवा कर पीछे लयावै पुलिस पुकारी। है यही० ॥५॥ फिर किया पुलिस ने खूब अतिथि सत्कारा। हो गई सजा मिला मजा इश्क का सारा ॥ जो झूठ होय तो सज्जन करो विचारा। दो त्याग झूठ करो सत्य वचन स्वीकार ॥ अब तजो कर्म यह अति निन्दत दुखकारी। है यही सकल रोगोंकी खानि हत्यारी ॥ ६ ॥

## शील के भेद।

ये भेद शील के जानो जो हो सतवंती नारी—टेक
पर पुरुषों से बात न करना, पिंडुक जन का साथ न करना—
पर घर वासा रात न करना, काम कथा मत गारी ॥ जो हो०
इक आसन पर कभी न बैठो, पर पुरुषों के साथ न सेठो—
पिता भ्रात पति को तुम भेंटो, बनो कुटुम की प्यारी ॥ जो हो०
पर पुरुषों के अंग न निरखो, अँग कीर्ती सुन मत हर्षो—
कुटिल सरल को मन से परखो, तू नीची नजर रखारी ॥ जो हो०
हाट बाट में खड़ी न होना, इकले घर में जाय न सोना—
जैनी, समय व्यर्थ ना खोना, लज्या से सुयश बढ़ारी ॥ जो हो०

## कन्या विनय करै हैं।

अब करो विचार, कन्या विनय करै हैं ॥ अज्ञान महा नदि भारी, हम डूब रहीं अब सारी। तुम करो उबार, कन्या विनय करै हैं ॥ अज्ञान तिमिर अँधियारी, अब छाई कारी कारी। तुम करो उजार, कन्या विनय करै हैं ॥ विद्या इस जग में प्यारी, सुख देती हमको भारी—तुम करो प्रचार, कन्या विनय करै हैं ॥ बिगड़ी है दशा

हमारी, तुम चेतो सब ही नारी। तुम करो सुधार, कन्या विनय करै हैं॥ तुम घोर अविद्या टारो, अब अपनी दशा सुधारो। त्यागो कुविचार, कन्या विनय करै हैं॥ विषयों से करके यारी, क्यों अपनी दशा बिगारी। करो जल्दी उपकार, कन्या विनय करै हैं॥ सती अंजना गयी निकारी, वह रोती आँसू ढारी। अब लगा शील में दाग, कन्या विनय करै हैं॥ ये शील महातम भारी. वन में भी हुआ सुखारी। फिर मिल गये कुमार, कन्या विनय करै हैं॥ हा सीता शील अपारी, कूदी थी अग्नि-मँझारी। हुई अग्नि जल धार, कन्या विनय करै हैं॥ मैं विनय करूँ कर जोरी, सुन लेा माताओ मेरी। करो शिक्षा संचार, कन्या विनय करै हैं॥

---

## खुशामद का भजन।

खुशामद ही से आमद है. बड़ी इसलिये खुशामद है। टेक
महाराज ने कहा एक दिन, बैंगन बड़ा बुरा है।
खुशामदी ने कहा, तभी तेा, वे-गुन नाम पड़ा है॥
खुशामद से सब कुछ रद है, बड़ी इसलिये खुशामद है। टेक
महाराज कुछ देर में बेाले, बैंगन तेा अच्छा है।
खुशामदी ने कहा तभी तेा, शिर पर मुकुट धरा है॥
खुशामद में इतना मद है, बड़ी इसलिये खुशामद है। टेक
स्वामी दिन को रात कहे तेा, वह तारे चमका दें।
यदि वह रात को दिन कह दें तेा, सूरज भी दिखलादें॥
खुशामद की भी कुछ हद है, बड़ी इसलिये खुशामद है। टेक
स्वामी कहें मद्य कैसा है? कहें सुरा सुखकर है।
स्वामी पूछें हिंसा जायज? कह दें जीव अमर है॥
बुरा है भला, भला वह है, बड़ी इसलिये खुशामद है। टेक

दया का असर ही नहीं।

कैसे प्राणी के प्राणों का घात करे तेरे दिल में दया का असर ही नहीं ॥ जो तू हिरनों का वन में शिकार करे क्या निगोद नरक का खतर ही नहीं ॥ टेक ॥ जैन बानी सुनो, ज़रा ग़ौर करो, जान औरों की अपनी सी ध्यान धरो, ज़रा रहम करो, अपने दिल में डरो, प्यारे ज़ुलम का अच्छा समर ही नहीं ॥ १ ॥ भोले वन के पखेरू हैं डरते फिरें, मारे डरके तुम्हारे से दूर रहें। वो तुम्हारा न कोई बिगाड़ करें, उनका वन के सिवा कोई घर ही नहीं ॥ २ ॥ तृण घास चर अपना पेट भरें, धन देश तुम्हारा न कोई हरें। प्यारे बच्चों से अपने वा प्रीती करें, उनके दिल में तो कोई भी शर ही नहीं ॥ ३ ॥ कामी लोगों ने इसको रवां है किया, झूठा अपनी तरफ से है मसला घड़ा। वरना पुरान कुरान में जीवों के मारन का, आता कहीं भी ज़िकर ही नहीं ॥ ४ ॥ दयामई है धरम सत जानो सही, जिन राज ने है यह बात कही। सुनो न्यामत बिना जिन धर्म कभी प्यारे होगा मुकत में घर ही नहीं ॥ ५ ॥

झूठा है संसार।

झूठा है संसार आँख खोल कर देखो ॥ टेक ॥
जिसे कहता मेरा २ नहीं तू मेरा मैं तेरा मतलबी है संसार ॥ १ ॥ जीतेजी के सब साथी, क्या घोड़ा ऊंट और हाथी, बताये क्या परिवार ॥ २ ॥ जब काल अचानक आवे, तब कंठ पकड़ ले जावे, चले न कुछ तकरार ॥ ३ ॥ यहाँ बड़े २ योधा आये, सब ही को काल ने खाये, समझ तू मूर्ख गंवार ॥ ४ ॥ यह सुपने कैसी माया, क्यों देख मार्ग में आया, बिनस जाय लगे न वार ॥ ५ ॥ क्यों मोह नींद में सोवे, और जन्म वृथा क्यों खोवे, मिले न बारंबार ॥ ६ ॥ जो प्रभुजी का गुण गावे, सो जन्म सफल हो जावे, यह जोहर कहे पुकार ॥ ॥

श्रीमान पूज्य पं० गणेशप्रसादजी वर्णी। बाबा भागीरथजी वर्णी। पं० दीपचन्द्रजी वर्णी।



चतुर्मास का दृश्य। क्षेत्रपाल-ललतपुर।

पयानी। भव डूबत बोधे प्राणी, जिन ये वसन्त जिय जानी॥ चेतन सेा खेलें होरी, ज्ञान पिचकारी, योग जल लाके ॥११॥ जिन०

जबलगे महीना फाग. करें अनुराग, सभी नरनारी। ले फिरे फैंटमें कर गुलाल पिचकारी॥ जब श्रीमुनिवर गुणखान अचल धर ध्यान, करें तप भारी। कर शील सुधारस कर्मन ऊपर डारी॥

(झड़)—कीर्ति कुम कुमें बनावैं, कर्मोंसे फाग रचावें। जो बारामासा गावैं, सेा अजर अमर पद पावैं॥ यह भावैं जीया-लाल, धर्म गुणमाल, योग दर्शाके॥ १२॥ जिन अथिर लखा०

## बारहमासा-राजुल।

राग मरहठी [झड़ी]

मैं लूंगी श्रीअरहन्त, सिद्ध भगवन्त, साधु सिद्धान्त चारका सरना। निर्नेम नेम बिन हमें जगत् क्या करना—॥ टेक

आषाढ़ मास (झड़ी)

सखि आया अषाढ़ घन घोर, मोर चहुंओर, मचा रहे शोर इन्हें समझावो। मेरे प्रीतम की तुम पवन परीक्षा लावो॥ हैं कहां मेरे भरतार, कहां गिरनार, महाव्रत धार बसे किस बन में। क्यों बांध मोड़ दिया तोड़ क्या सोची मन में॥

(झर्बटें)—न जारे पपैया जारे, प्रीतमको दे समझारे। रहिनों भव संग तुम्हारे, क्यों छोड़ दई मझधारे॥

(झड़ी)—क्यों बिना दोष भये रोष, नहीं सन्तोष, यही अफसोस बात नहिं बूझो। दिये जादों छप्पन कोड़ छोड़ क्या सूझी। मोहिं राखो शरण मंझार, मेरे भर्तार, करो उद्धार, क्यों दे गये झुरना। निर्नेम नेम बिन हमें जगत् क्या करना—

श्रावण मास (झड़ी)

सखि श्रावण संवर करे, समन्दर भरे, दिगम्बर धरे क्या

करिये। मेरे जी में ऐसी आवे महाव्रत धरिये। सब तजूं हार शृंगार, तजूं संसार. क्यों भव मंझार में जी भरमाऊं। फिर पराधीन तिरिया का जन्म नहिं पाऊं॥

(झर्वटैं) सबसुन लो राजदुलारी। दुख पड़गया हम पर भारी। तुम तज दो प्रीति हमारी--कर दो संयम की त्यारी॥

(झड़ी)—अब आगया पावस काल, करो मत टाल, भरे सबताल महा जल बरसै। बिन परसे श्रीभगवन्त मेरा जी तरसै। मैं तज दई तीज सलैन, पलट गई पौन, मेरा है कौन मुझे जग तरना। निर्नेम नेम बिन हमें जगत क्या करना॥

भादों मास (झड़ी)

सखि भादों भरे तलाव, मेरे चितचाव, करूंगी उछाव से सोलहकारण। करूं दसलक्षण के व्रत से पाप निवारण। करूं रोटतीज उपवास, पञ्चमी अकास, अष्टमी खास निशल्य मनाऊं। तपकर सुगन्ध दशमी को कर्म जलाऊं॥

(झर्वटैं)—सखि दुद्धर रस की धारा। तजिहार चार परकारा। करूं उग्र उग्र तप सारा। क्यों होय मेरा निस्तारा।

(झड़ी)—मैं रत्नत्रय व्रत धरूं, चतुर्दशी करूं, जगत् से तिरूं करूं पखवाड़ा। मैं सब से क्षमाउं दोष तजूं सब राड़ा। मैं सातों तत्व विचार, के गाऊं मल्हार, तजा संसार तो फिर क्या करना। निर्नेम नेम बिन हमें जगत् क्या करना—

आसोज मास (झड़ी)

सखि आया मास कुंवार, लो भूषण तार, मुझे गिरनार की दे दो आज्ञा। मेरे पाणिपात्र आहार की है परतिज्ञा। लो तार ये चूड़ामणी, रतन की कणी, सुनों सब जड़ी खोल दो वेनी। मुझको अवश्य भरतारहिं दीक्षा लेनी॥

( झर्वटैं )—मेरे हेतु कमण्डलु लावो। इक पीछी नई मँगावो। मेरा मत जी भरमावो। मम सूते कर्म जगावो॥

(झड़ी)—है जगमें असाता कर्म, बड़ा बेशर्म, मोह के भ्रमसे धर्म न सूझै। इसके वश अपना हित कल्याण न बूझै। जहां मृग तृष्णा की धूर, वहां पानी दूर भटकना भूर कहां जल झरना॥ निर्नेम नेम बिन हमें जगत् क्या करना—

कार्त्तिक मास ( झड़ी )

सखि कातिक काल अनन्त, श्रीअरहन्त,की सन्त महन्तने आज्ञा पाली। धर योग यत्न भव भोगकी तृष्णा टाली। सजे चौदह गुण अस्थान, स्वपर पहचान, तजे रु मकान महल दिवाली। लगी उन्हें मिष्ट जिन धर्म अमावस काली॥

( झर्वटैं )—उन केवल ज्ञान उपाया। जगका अन्धेर मिटाया। जिसमें सब विश्व समाया। तन धन सब अथिर बताया॥

( झड़ )—है अथिर जगत् सम्बन्ध, अरो मतिमन्द, जगत्का अन्ध है धुन्ध पसारा। मेरे प्रीतमने सत जानके जगत् विसारा। मैं उनके चरणकी चेरी, तू आज्ञा देरी, सुनले मा मेरी है एक दिन मरना। निर्नेम नेम बिन हमें जगत क्या करना—

अगहन मास ( झड़ी )

सखि अगहन ऐसी घड़ी, उदै मैं पड़ी, मैं रहगई खड़ी दरस नहिं पाये। मैंने सुकृत के दिन विरथा योंही गँवाये।

नहिं मिले हमारे पिया, न जप तप किया, न संयम लिया अटक रही जगमें। पड़ी काल अनादिसे पापकी बेड़ी पग में॥

(झर्वटैं)—मत भरियो माँग हमारी। मेरे शीलको लागेगारी। मत डारो अञ्जन प्यारी। मैं योगन तुम संसारी॥

( झड़ी )—हुये कन्त हमारे जती, मैं उनकी सती, पलट गई रती तो धर्म नहिं खण्डूं। मैं अपने पिताके वंशको कैसे भंडूं।

नित्य निगोद अनादि रहो अरुके तनकी जहां दुर्लभताई।
ज्यों क्रम सो निकसो वह तें त्यों इतर निगोद रहो चिरछाई॥
सूक्षम बादर नाम भयो जबही यह भाँति धरी पर्यायी। बारहि०॥७॥
औ जब ही पृथ्वी जल तेज भयो पुनि होय वनस्पतिकाई।
देह अघात धरी जब सूक्षम घातत बादर दीरघताई॥
एक उदै प्रत्येक भयो सह धारण एक निगोद बसाई। बारहि०॥८॥
इन्द्रिय एक रही चिरमें कब लब्धि उदै स्वय उपशमनाई।
वे त्रय चार धरो जब इन्द्रिय देह उदै विकलत्रय आई॥
पंचन आदि किधौं पर्यन्त धरे इन इन्द्रियके त्रस काई। बारहि० ॥९
काय धरी पशुकी बहु वार भई जल जन्तुनकी पर्याई।
जो थल मांहि अकाश रहो चिर होय पखेरू पंख लगाई॥
मैं जितनी पर्याय धरीं तिनके बरणें कहुं पार न पाई। बारहि०॥१०॥
नरक मझार लियो अवतार परो दुख भार न कोई सहाई।
जो तिलसे सुख काज किये अघते सब नरकनमें सुधि आई॥
ता तियके तनकी पुतली हमरे हियरा करि लाल भिराई। बारहि०॥११॥
लाल प्रभा सु महीं जह हैं अरु शर्कर रेत उन्हार बताई।
पङ्क प्रभा जु धुआवत है तमसी सु प्रभा सु महातम ताई॥
जोजन लाख जु पोड़स पिण्ड तहां इकही छिनमें गल जाई॥बारहि०१२॥
जे अघ घात महा दुखदायक मैं विषयारसके फल पाई।
काटत है जबहीं निरदय तबही सरिता महिं देत बहाई॥
देवअदेव कुमार जहाँ बिच पूरव वैर बताबत जाई॥ बारहि० ॥१३॥
ज्यों नरदेह मिली क्रम सों करि गर्भ कुवास महादुखदाई।
जे नव मास कलेश सहे मलमूत्र अहार महाजय ताई॥
जे दुख देखि जबैंनिकसो पुनि रोवत बालपनेदुखदाई। बारहि०॥१४॥
यौवन में तन रोग भयो कबहूं विरहा-नल व्याकुलताई।
मान विषैं रस भोग चहों उन्मत्त भयो सुख मानत ताही।

आय गयो क्षणमें विरधापन सेा नर भौ इस भाँति गमाई ॥बारहिं०॥
देव भयो सुर लोक विषें तब मोहि रहो परया उर लाई।
पाय विभूति बढ़े सुरकी पर सम्पति देखत झूरत छाई॥
माल जबें मुरझाय रहो थित पूरण जानि तबें बिल-लाई ॥बारहिं०१६॥
जे दुख मैं भुगते भवके तिनके वरणें कहुं पार न पाई।
काल अनादिन आदि भयो तहँ मैं दुख भाजन हेा अध माहीं॥
सेा दुख जानत हो तुमहीं जबहीं यह भांति धरोपर्यायी ॥बारहिं०१७॥
कर्म अकाज करे हमरे हमको चिरकाल भये दुखदाई।
मैं न बिगाड़ करो इनको बिन कारण पाय भये अरि आई।
मात पिता तुमहीं जगके तुम छांड़ि फिरादि करों कह जाई ॥बारहिं०
सेा तुम सों सब दुःख कहो प्रभु जानत हो तुम पीर पराई।
मैं इनको सत्संग कियेा दिनहूँ दिन आवत मोहिं बुराई॥
ज्ञान महानिधि लूट लियो इन रङ्क कियेा यह भांति हराई ॥बारहिं०
मैं प्रभु एक सरूप सहो सब ये इन दुष्टन को कुटलाई।
पाप सु पुण्य दुहूं निज मारग में हमसो नहिं फांसि लड़ाई॥
मोहि थकाय दियेा जगसे विरहानल देह दहै न बुझाई ॥बारहिं०॥२०॥
*ये विनती सुन सेवक की निज मारग में प्रभु लेव लगाई॥*
मैं तुम दास रहो तुमरे संग लाज करो शरणागति आई॥
मैं कर दास उदास भयो तुमरी गुणमाल सदा उर लाई ॥बारहिं०॥२१॥
देर करो मत श्री करुणानिधि जू गति राखनहार निकाई।
योग जुरे क्रमसेा प्रभुजी यह न्याय हजूर भयेा तुम आई॥
आन रहो शरणागति हौं तुम्हरी सुनिवे तिहुं लेाक बड़ाई ॥बारहिं०२२॥
मैं प्रभु जी तुम्हरी समको इन अन्तर पाय करो दुसराई।
न्याय न अन्त कटे हमरो न मिले हमको तुम सी ठकुराई॥
सन्तन राख करो अपने ढिग दुष्टनि देहु निकास बहाई। बारहिं०॥२३॥
दुष्टन की सत्संगति में हमको कछू जान परी न निकाई।

सेवक साहब की दुविधा न रहे प्रभु जी करिये सु भलाई ॥
फेर नमों सु करों अरजी जसु जाहर जानि परे जगताई ॥बारहिं०॥२४॥
ये विनती प्रभु के शरणागति जे नर चित्त लगाय करेंगे।
जे जगमें अपराध करे अघ ते क्षणमात्र भरे में हरेंगे।
जे गति नीच निवास सदा अवतार सुधो स्वरलोकधरेंगे।
देवीदासकहें क्रम सों पुनि ते भवसागर पार तरेंगे ॥२५॥

---

# शीलमहात्म्य।

जिनराज देव कीजिये मुझ दीन पर करुना। भवि वृन्दको अब दीजिये बस शीलका शरना ॥ टेक ॥ शीलकी धारा में जो स्नान करें हैं। मल कर्मको सो धोय के शिवनार वरें हैं ॥ व्रतराज सो वेताल व्याल काल डरें हैं। उपसर्ग वर्ग घोर कोट कष्ट टरें हैं॥१॥ तप दान ध्यान जाप जपन जोग अचारा। इस शील से सब धर्मके मुंह का है उजारा ॥ शिवपन्थ ग्रन्थ मंथ के निर्ग्रन्थ निकारा। विन शील कौन कर सके संसार से पारा ॥२॥ इस शीलसे निर्वाण नगरकी है अवादी। त्रेसठ शलाका कौन ये ही शील सवादी ॥ सब पूज्य की पदवी में है परधान ये गादी। अठारा सहस्र भेद भने वेद अवादी ॥३॥ इस सील से सीता को हुआ आब से पानी। पुर द्वार खुला चलनिमें भर कूप सों पानी ॥ नृप ताप टरा शील से रानी दिया पानी। गङ्गामें ग्राह सों बची इस शीलसे रानी ॥ ४ ॥ इस शील हीसे साँप सुमन माल हुआ है। दुख अंजना का शील से उद्धार हुआ है ॥ यह सिन्धुमें श्रीपालको आधार हुआ है। वप्राका परम शील हीसे यार हुआ है ॥५॥ द्रौपदी का हुआ शीलसे अम्बर का अमारा। जा धातु द्वीप कृष्ण ने सब कष्ट निवारा ॥ सब चन्दना सती की व्यथा शीलने टारा।

दारा, परिवार, किसी का न कोई साथी सब हैं अकेले ही ॥ गिरिधर छोड़कर दुविधा न सोचकर, तत्त्व छान बैठके एकान्त में अकेले ही। कल्पना है नाम रूप झूठे राव रंक भूप, अद्वितीय चिदानन्द तू तो है अकेले ही ॥ ४ ॥

## अन्यत्व भावना।

घर बार धन धान्य दौलत खजाने माल, भूषण वसन बड़े बड़े ठाठ न्यारे हैं। न्यारे न्यारे अवयव शिर धड़ पाँव न्यारे, जीभ त्वचा आँख नाक कान आदि न्यारे हैं ॥ मन न्यारा चित न्यारा चित्त के विकार न्यारे, न्यारा है अहंकार सकल कर्म न्यारे हैं। गिरिधर शुद्ध बुद्ध तूतो एक चेतन है, जग में है और जो जो तोसे सारे न्यारे हैं ॥ ५ ॥

## अशुचि भावना।

गिरिधर मल मल साबू खूब न्हाये धोये, कीमती लगाय तेल बार बार बाल में। केवड़ा गुलाब बेला मोतियाँ के सूंघे इत्र, खाये खूब माल ताल पड़े खोटी चाल में। पहने बसन नीके निरख निरख काँच, गर्व कर देह का न सोचा किसी काल में। देह अपवित्र महा हाड़ मांस रक्त भरा, थैला मलमूत्र का बँधा है नसजाल में ॥ ६ ॥

## आश्रव भावना।

मोह की प्रबलता से कषायों की तीव्रता से, विषयों में प्राणी मात्र देखो फँस जाते हैं। यहां फँसे वहां फँसे यहां पिटे वहां कुटे, इसे मारा उसे ठोका पाप यों कमाते हैं ॥ पड़ते परन्तु जैसे जैसे हैं कषाय मन्द, वैसे वैसे उत्तम प्रकृति रच पाते हैं। गिरिधर बुरे भले मन बच काय योग, जैसे रहें सदा वैसे कर्म बन आते हैं ॥ ७ ॥

## संवर भावना।

तोड़ डाल भ्रम जाल, मोह से विरत हो जा, कर न प्रमाद कभी छोड़ दे कषाय तू। दूर हो विचार बात करने से विषयों की, माथे पड़ी सारी सह मत उकताय तू॥ मन रोक वाणी रोक रोक सब इन्द्रियों को, गिरिधर सत्य मानकर ये उपाय तू। बधेंगे न कर्म नये निरपेक्ष होके सदा, कर्तव्य पालन कर खूब ज्यों सुहाय तू॥ ८॥

## निर्जरा भावना।

इससे न बात करो इसे यहां न आने दो, इस को सताओ मारो क्योंकि दोषवान है। कपटी कलंकी क्रूर पापी अपराधी नीच, चोर डाकू; गंठकटा कुकर्मों की खान है। रखके विचार ऐसे लोग जो सतावें तोभी, सहले विपत्तियों को माने ऋण-दान है। गिरिधर धर्म पाले किसी से न बांधे बैर, तपसे नसावे कर्म वही ज्ञानवान है॥ ९॥

## लोक भावना।

बांकी कर कोन्हियों को जरा पांव दूरे रख, आदमी को खड़ाकर गिरिधर ध्यान धर। चतुर्दश राजू लोक ऐसा ही है नराकार, उसमें भरे हैं द्रव्य छहों सभी स्थान पर॥ एकेन्द्रिय द्वीन्द्रिय त्रिन्द्रिय चतुरिन्द्रिय त्यों, पञ्चेन्द्रिय संज्ञ्य-संज्ञी पर्याप्तापर्याप्त कर। भरे ही पड़े हैं जीव पर सब चेतन हैं स्वानुभव करें त्यों त्यों पावें मोक्ष धाम वर॥ १०॥

## बोधिदुर्लभ भावना।

एक एक श्वास में अठारह अठारह बार, मर मर धरें देह जगजीव जानलो। बड़ी ही कठिनता से निकले निगोदसे तो, अगणित बार भ्रमे भव भव मानलो॥ दुर्लभ मनुष्य भव

सर्वोत्तम कुलधर्म, पाये हो गिरिधर तो सत्य तत्व छानलो। होकर प्रमाद वश काल क्षेप करो मत, सबकी भलाई करो निजको पिछानलो ॥ ११ ॥

## धर्म भावना।

बाहरी दिखावटों को रहने न देता कहीं, सारे दोष दूर कर सुख उपजाता है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, राग, द्वेष, माया, मिथ्या, तृष्णा, मद, मान, मल सबको नसाता है ॥ तन मन वाणी को बनाता है विशुद्ध और, पतित न होने देता ज्ञान प्रकटाता है। गिरिधर धर्म प्रेम एक सत्य जगवीच, परमात्मतत्व में जो सहज मिलाता है ॥ १२ ॥

## सामायिक।

हो सत्त्वपै सखिपना, मुद हो गुणी पै। माध्यस्थ भाव मम होय विरोधियोंपै ॥ दुःखार्तपै अयि दयाधन हो दया ही। हों नाथ कोमल सदा परिणाम मेरे ॥ १ ॥

धारूं क्षमा सुमृदुता ऋजुता सदा मैं। त्यों सत्य, शौच, प्रिय संयम भी न त्यागूं ॥ छोडूं नहीं तप, अकिंचन, ब्रह्मचर्य, है रत्नराशि दशलक्षण धर्म मेरा ॥ २ ॥

मैं देवपूजन करूं, गुरुभक्तिसाधूं। स्वाध्याय में रच सुसंयम आदरूं मैं ॥ धारूं प्रभो तप, निरंतर दान दूं मैं। षट्कर्म ये नितकरूं जबलौं गृही हूं ॥ ३ ॥

पाऊं महासुख प्रभो, दुख वा उठाऊं। सोऊं पलंग पर, भूपर ही पड़ूं वा ॥ सोहे तथापि समता अति उच्च मेरी। सामायिक प्रबल हो मम नाथ ऐसा ॥ ४ ॥

चाहे रहूं भवनमें, वनमें रहूं, या-प्रासाद में बस रहूं अथवा कुटीमें ॥ सोहे तथापि समता अतिउच्च मेरी-सामायिक प्रबल हो मम नाथ ऐसा ॥ ५ ॥

डरें क्या अस्त्रशस्त्रों से, छुवे क्या अस्त्रशस्त्रों को।
हमारा राष्ट्रही जब है, स्वयंसेवक अहिंसा का ॥ ३ ॥
बिना जीते महारणके, न जीते-जी टलेंगे हम।
तजेंगे त्यों न तिलभर को, कभी रस्ता अहिंसा का ॥ ४ ॥
भलें पालेसियां चल चल, हमें कोई भुलावे दें।
भुलावों में न आवेंगे, दिखा विक्रम अहिंसा का ॥ ५ ॥
न हम नापाक खूनों से, रंगेंगे पाक हाथों को।
हमारा खून होता हो, विजय होगा अहिंसा का ॥ ६ ॥
कभी धीरज न छोड़ेंगे, जहां में शांति भर देंगे।
सिखावेंगे सबक सब को, अहिंसा का अहिंसा का ॥ ७ ॥
हमारे दुश्मने जानी भी, होंगे दोस्त कल आके।
कहेंगे सर झुकाके यों, बतादो गुर अहिंसाका ॥ ८ ॥
तमन्ना है, न दुनियां में, निशां भी हो गुलामी का।
सभी आजाद हों कोमें, बजे डंका अहिंसा का ॥ ९ ॥


ज्ञानावरणीकर्म


दर्शनावरणीकर्म

नोट—कुलकरों में नाभिराजा, दान देने में श्रेयांस राजा, तप करने में बाहुबली जो एक साल तक कायोत्सर्ग खड़े रहे। भाव की शुद्धता में भरत, चक्रवर्ती को दीक्षा लेते ही केवल ज्ञान हुआ। बलदेवों में रामचन्द्र, कामदेवों में हनुमान, सतियों में सीता, मानियों में रावण, नारायणों में कृष्ण, रुद्रों में महादेव, बलवानों में भीम, तीर्थंकरों में पार्श्वनाथ, ये पुरुष जगत् में बहुत प्रसिद्ध हुए हैं।

## दूसरे सिद्धक्षेत्रों के नाम।

१ मांगीतुंगी, २ मुक्तागिरि (मेढ़गिरि), ३ सिद्धवरकूट, ४ पावागिरि (चेलना नदी के पास), ५ शत्रुञ्जय, ६ बड़वानी, ७ सोनागिरि, ८ नैनागिरि (नैनानन्द), ९ दौनागिरि, १० तारंगा, ११ कुन्थुगिरि, १२ गजपंथ, १३ राजग्रही, १४ गुणावा, १५ पटना, १६ कोटिशिला।

## चौदह गुणस्थान।

१ मिथ्यात्व, २ सासादन, ३ मिश्र, ४ अविरत सम्यक्त्व, ५ देशव्रत, ६ प्रमत्तविरत, ७ अप्रमत्तविरत, ८ अपूर्व करण, ९ अनिवृत्तिकरण, १० सूक्ष्म सांपराय, ११ उपशान्त कषाय वा उपशान्त मोह, १२ क्षीण कषाय वा क्षीण मोह, १३ सयोगकेवली, १४ अयोगकेवली।

## श्रावक के २१ उत्तर गुण।

१ लज्जावन्त, २ दयावन्त, ३ प्रसन्नता, ४ प्रतीतिवन्त, ५ परदोषाच्छादन, ६ परोपकारी, ७ सौम्य दृष्टि, ८ गुणग्राही,

९ श्रेष्ठ पत्नी १० मिष्टवादी, ११ दीर्घविचारी, १२ दानवन्त, १३ शीलवन्त, १४ कृतज्ञ, १५ तत्वज्ञ, १६ धर्मज्ञ, १७ मिथ्यात्व-रहित, १८ सन्तोषवन्त, १९ स्याद्वादभाषी, २० अभक्ष-त्यागी, २१ षट्कर्म-प्रवीण।

## श्रावक की ५३ क्रियायें।

८ मूलगुण, १२ व्रत, १२ तप, १ समताभाव, ११ प्रतिमा, ४ दान, ३ रत्नत्रय, १ जल-छानन-क्रिया, १ रात्रि-भोजन-त्याग और दिन में अन्नादिक भोजन सोधकर खाना अर्थात् छानबीन कर देख-भाल कर खाना।

श्रावक के ८ मूलगुण—५ उदम्बर। ३ मकार।

१२ व्रत—५ अणुव्रत, ३ गुणव्रत, ४ शिक्षाव्रत।

५ अणुव्रत—१ अहिंसाअणुव्रत, २ सत्याणुव्रत, ३ परस्त्री त्याग अणुव्रत, ४ अचौर्य (चोरी-त्याग अणुव्रत), ५ परिग्रह-प्रमाण अणुव्रत।

३ गुण व्रत—१ दिग व्रत, २ देशव्रत, ३ अनर्थ दंड-त्याग

४ शिक्षाव्रत—१ सामायिक, २ प्रोषधोपवास, ३ अतिथि-संविभाग, ४ भोगोपभोग परिमाण।

१२ तप— आचार्य के ३६ गुणों में लिखे हैं। इनके भी वही नाम हैं। ज्यादे इतना है कि मुनियों के महान् व्रत होते हैं। श्रावकों के अणुव्रत अर्थात् कम परीषहवाले।

११ प्रतिमा—१ दर्शनप्रतिमा, २ व्रत, ३ सामायिक, ४ प्रोषधोपवास, ५ सचित्तत्याग, ६ रात्रिभुक्ति-त्याग, ७ ब्रह्म-

चर्य, ८ आरम्भ-त्याग, ९ परिग्रह-त्याग, १० अनुमति-त्याग, ११ उद्दिष्ट-त्याग।

४ दान—आहारदान, औषधदान, शास्त्रदान और अभय-दान। यह ४ दान श्रावक को करने योग्य हैं।

३ रत्नत्रय—सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र।

यह तीन रत्न श्रावक के धारने योग्य हैं। इनका खुलासा अर्थ जैन-बाल-गुटके के दूसरे भाग में सम्यक्त के वर्णन में लिखा है। इनका नाम रत्न इस कारण से है कि जैसे सुवर्णादिक सर्व धन में रत्न उत्तम अर्थात् बेश कीमत होता है। इसी प्रकार कुल नियम, व्रत, तप में यह तीन सर्व में उत्तम हैं। जैसे कि बिना अंक बिन्दियाँ किसी काम की नहीं इसी प्रकार बगैर इन तीनों के सारे व्रत नियम कुछ भी फलदायक नहीं हैं। सर्व नियम, व्रत मानिन्द बिन्दी (शून्य) के हैं। यह तीनों मानिन्द शुरू के अङ्क के हैं। इसलिये इन तीनों को रत्न माना है।

दातार के २१ गुण—९ नवधाभक्ति, ७ गुण और ५ आभूषण।

यह २१ गुण दातार के हैं। अर्थात् पात्र को दान देनेवाले दातामें यह २१ गुण होने चाहिए।

दातार की नवधाभक्ति—पात्र को देख बुलाना, उच्चासन पर बैठाना, चरण धोना, चरणोदक मस्तक पर चढ़ाना, पूजा करना, मन शुद्ध रखना, वचन विनय-रूप बोलना, शरीर शुद्ध रखना और शुद्ध आहार देना।

यह नव प्रकार की भक्ति दातार है। अर्थात् दातार कहिए दान देनेवाले को यह नव प्रकार की नवधाभक्ति करनी चाहिए।

